द्वारा 'ई' मेल/अति आवश्यक/समयबद्ध

पुलिस तकनीकी सेवाएँ मुख्यालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

8वाँ तल, टावर–4, पुलिस मुख्यालय, अमर शहीद पथ, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ–226002 : e-mail: tshq@up.nic.in

पत्र संख्याः टीएससी–25/2021 दिनांकः जून 20, 2024

सेवा में,

1– समस्त पुलिस अयुक्त, उत्तर प्रदेश।

2– समस्त अपर पुलिस महानिदेशक, समस्त जोन, उत्तर प्रदेश।

विषय : उ0प्र0पुलिस कम्प्यूटर कर्मचारी वर्ग (अराजपत्रित) सेवा नियमावली–2011 (यथा संशोधित) के अनुसार कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–बी के पद पर चयन हेतु बोर्ड प्रपत्रों का मिलान कराने के सम्बन्ध में।

उपर्युक्त विषयक कृपया इस मुख्यालय के सम संख्यक पत्र दिनांक 10–06–2024 का अवलोकन करने का कष्ट करें जिसके द्वारा कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए से ग्रेड–बी के पद पर श्रेष्ठता के आधार पर प्रोन्नति हेतु त्रुटिरहित बोर्ड प्रपत्र तैयार कर विभिन्न नियत तिथियों में मिलान हेतु उ0प्र0पुलिस तकनीकी सेवाएँ मुख्यालय में सम्बन्धित चरित्र पंजिका लिपिक के माध्यम से प्रेषित करने की अपेक्षा की गयी थी।

उक्त संबंध में कृपया अवगत कराना **है गोरखपुर जोन के जनपद गोण्डा व जनपद बलरामपुर** के चरित्र पंजिका लिपिकों द्वारा नियत तिथि 19–06–2024 को त्रुटिरहित बोर्ड प्रपत्र के साथ तकनीकी सेवाएँ मुख्यालय में मिलान कराया गया है, शेष अन्य किसी भी कमिश्नरेट/लखनऊ जोन व गोरखपुर जोन के जनपदों द्वारा अभी तक नियत तिथियों में त्रुटिरहित बोर्ड प्रपत्र के साथ मिलान नहीं कराया गया है। लखनऊ, प्रयागराज, कानपुर नगर, गौतमबुद्धनगर व गाजियाबाद कमिश्नरेट के सम्बन्धित लिपिक त्रुटिपूर्ण बोर्ड प्रपत्र व अपूर्ण चरित्र पंजिकाओं के साथ विभिन्न तिथियों में उपस्थित हुए जिन्हें त्रुटि रहित बोर्ड प्रपत्र तैयार कर अद्यावधिक चरित्र पंजिकाओं के साथ मिलान कराने हेतु तकनीकी सेवाएँ मुख्यालय द्वारा वापस किया गया। इसके अतिरिक्त वाराणसी कमिश्नरेट व आगरा कमिश्नरेट से कोई भी कर्मचारी मिलान हेतु नियत तिथि 14–06–2024 तथा उसके पश्चात अभी तक तकनीकी सेवाएँ मुख्यालय में बोर्ड प्रपत्र के साथ उपस्थित ही नहीं हुआ है। तकनीकी सेवाएँ में तैयार किए गए बोर्ड प्रपत्र के प्रारूप के साथ विस्तृत दिशा–निर्देश अनुस्मारक पत्र दिनांकित 15–06–2024 व 19–06–2024 को भेजने के उपरान्त भी वांछित कार्यवाही अभी तक अपेक्षित है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि इस मुख्यालय से भेजे गये पत्रों तथा उसके साथ संलग्न प्रारूपों का सम्बन्धित चरित्र पंजिका लिपिकों एवं पुलिस उपाधीक्षक (कार्यालय) द्वारा भली–भाँति अध्ययन नहीं किया जा रहा है।

अतः कृपया अनुरोध है कि निम्नानुसार संशोधित तिथियों में बोर्ड प्रपत्र व अद्यावधिक चरित्र पंजिकाओं के साथ मिलान हेतु तकनीकी सेवाऍ मुख्यालय में उपस्थित होने हेतु सम्बन्धित को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें, ताकि समयानुसार अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

कमिश्नरेट/जोन/परिक्षेत्र/जनपद/इकाईवार मिलान की संशोधित तिथि निम्नानुसार है:-

क्र0सं0	जोन/परिक्षेत्र/जनपद/कमिश्नरेट/इकाई का नाम	मिलान हेतु नियत तिथि
1	वाराणसी जोन (समस्त परिक्षेत्र व समस्त जनपद)	20-06-2024
2	प्रयागराज जोन (समस्त परिक्षेत्र व समस्त जनपद) व प्रयागराज कमिश्नरेट	21-06-2024
3	मेरठ जोन (समस्त परिक्षेत्र व समस्त जनपद) व गौतमबुद्ध नगर व गाजियाबाद कमिश्नरेट	22-06-2024
4	बरेली जोन (समस्त परिक्षेत्र व समस्त जनपद) व लखनऊ कमिश्नरेट	24-06-2024
5	कानपुर जोन (समस्त परिक्षेत्र व समस्त जनपद) व कानपुर कमिश्नरेट	25-06-2024
6	आगरा जोन (समस्त परिक्षेत्र व समस्त जनपद) व आगरा कमिश्नरेट	26-06-2024
7	लखनऊ जोन के समस्त जनपद तथा गोरखपुर जोन के समस्त जनपद **(गोण्डा व बलरामपुर को छोड़कर)**/वाराणसी जोन के शेष जनपद/वाराणसी कमिश्नरेट	27-06-2024

20/6

(नवीन अरोरा)
अपर पुलिस महानिदेशक,
तकनीकी सेवाऍ मुख्यालय, उ0प्र0, लखनऊ।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित है:-

1-सदस्य/अपर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ।

2- अपर पुलिस महानिदेशक, स्थापना।

3- पुलिस अधीक्षक/प्रभारी इकाई पीटीसी सीतापुर/पी0टी0एस0मेरठ/पी0टी0एस0 सुल्तानपुर व डीजीपी0 मुख्यालय को इस आशय से कि उनके यहाँ 2014 व 2017 बैच के नियुक्त कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-'ए' के सम्बन्ध में त्रुटिरहित बोर्ड प्रपत्र तैयार कर उक्त तिथियों में मिलान कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

4- समस्त पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उपमहानिरीक्षक, परिक्षेत्र को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

5- समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक को इस निर्देश के साथ कि व्यक्तिगत रूचि लेकर उपरोक्तानुसार कार्यवाही करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

6- प्रभारी वेवसाइट को तकनीकी सेवाऍ की वेवसाइट पर अपलोर्ड करने हेतु।